तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 14 मई 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीते 8 मेडल 4






## खबर संक्षेप



### 22 हाथियों का दल पहुंचा सलेयाडीह जंगल

**अम्बिकापुर।** पिछले एक सप्ताह से वन परिक्षेत्र धौरपुर में भ्रमण कर रहा 22 हाथियों का दल विकासखंड बतौली अंतर्गत सलेयाडीह जंगल में दाखिल हो गया है। दल के सीतापुर जंगल के रास्ते जशपुर वन मंडल अंतर्गत बगीचा की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। हाथियों का दल एक सप्ताह पूर्व बलरामपुर वनमंडल से धौरपुर रेंज में पहुंचा था। भ्रमण के दौरान हाथियों ने दो झोपड़ी ढहाने के साथ ही ग्राम परोरा, अगासी, देवरी, मधुपारा, खड़ौली एवं नवाडीह में 6 एकड़ से अधिक मक्के की फसल को तबाह किया है। सोमवार की सुबह सलयाडीह जंगल में दस्तक देने के बाद हाथियों ने बांध में शावकों के साथ घंटों जलक्रीडा की तथा जंगल में चले गए। अभी तक हाथियों ने आबादी क्षेत्र में कोई क्षति नहीं पहुंचाई है। वन अमला हाथियों की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को हाथियों की मौजूदगी की सूचना दे रहा है।

### केन्द्रीय मंत्री ने प्रदेश के 51 हजार लोगों को सौंपी पीएम आवास की चाबी, स्व. सहायता समूह की दीदियों को किया सम्मानित

# बाइक और 15 हजार आमदनी वालों को भी मिलेगा पीएम आवास : शिवराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने लोगों को मकान के लिए वर्षों तक तरसा दिया। उन्होंने मापदंड बदल दिए, कई शर्तें लगी थी। जिनके पास दो पहिया वाहन है उनको मकान का पैसा नहीं मिलेगा लेकिन आज के समय में हरकोई स्कूटर और बाइक पर चलता है इस लिए उनको भी पक्क्के मकान का पैसा दिया जाएगा। उनके नाम सर्वे सूची में जोड़े जाएंगे। पहले नियम था कि 10 हजार से अधिक आमदनी पर मकान नहीं देंगे लेकिन अब हमारा लक्ष्य बहनों को लखपति दीदी बनाना है। उनको मकान से वंचित नहीं कर सकते। जिनकी 15 हजार रूपए आमदनी होगी उनको भी आवास दिए जाएंगे। ढाई एकड़ सिंचित जमीन, पांच एकड़ असिंचित जमीन के हितग्राहियों को भी मकान दिए जाएंगे क्यों कि यह गरीब किसान और ग्रामीणों की सरकार है।

**खास बात**

- कहा- और चार लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य, मोर आवास मोर अधिकार कार्यक्रम में हुए शामिल

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री चौहान मंगलवार को पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित मोर आवास मोर अधिकार के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित 51 हजार मकानों के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया और उन्हें खुशियों की चाबी सौंपी। श्री चौहान ने आवास निर्माण प्रारंभ करने वाले हितग्राहियों के घरों का भूमि पूजन कर स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की उत्कृष्ट दीदियों और लखपति दीदियों को भी सम्मानित किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत का उदय हो रहा है। हमारा देश लगातार आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत हमारा लक्ष्य है और विकसित भारत के लिए हमारा संकल्प है विकसित छत्तीसगढ़ बने। विकसित छत्तीसगढ़ के लिए गांवों को विकसित करना है, गांव में कोई गरीब ना रहे। स्व सहायता समूह से जुड़ी दीदियों को लखपति बनाना है। वो क्यों गरीब रहें और किसी के आगे हाथ फैलाए। इसलिए हम ग्रामीण आजीविका मिशन चला रहे है। प्रदेश में 3 लाख से ज्यादा दीदियां लखपति बन गई है और 4 लाख लखपति दीदी बनाना है। पीएम नरेंद्र मोदी ने देश में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य दिया है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा पीएम आवास निर्माण में दिखाई गई की सराहना की और भविष्य में और भी स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मनरेगा का बजट बढाया जागा। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार और जनता को आश्वासन दिया कि भारत सरकार आपको पूरी सहायता करेगी। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ की जनता की जिन्दगी और यहां की तकदीर एवं तस्वीर बदलेगी। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद चिंतामणि महाराज सहित अन्य मौजूद थे।



मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह।



पीएम आवास का उद्घाटन करते केन्द्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री।

### वैज्ञानिक आएंगे किसानों के पास

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम किसानों की आय बढ़ाएंगे। हमारे पास कृषि विभाग के 16 हजार वैज्ञानिक है और वैज्ञानिकों को अब लैब में नहीं बैठाना है। वैज्ञानिक गांव गांव जाएगे। 29 मई से 12 जून तक वैज्ञानिक 4-4 के ग्रुप में आकर गांव में आपसे बातकर मिट्टी की जानकारी लेंगे। खाद बीज की जानकारी देंगे और खरीफ की फसल की तैयारी कराएगे। वैज्ञानिक किसानों से बात कर कृषि का उत्पादन बढ़ाएंगे ताकि किसान और ज्यादा आमदनी प्राप्त कर सके। अब देश का किसान गरीब नहीं रहेगा।

### 18 लाख का वादा पूरा : सीएम

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने कहा कि आज का यह दिन छत्तीसगढ़ और सरगुजा संभाग के लिए एतिहासिक है। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान दिल्ली से चलकर छग की गरीब जनता को पीएम आवास का अधिकार देने आए है। सौभाग्य है कि महज डेढ़ साल में केन्द्रीय मंत्री ने जो सौगात दी उसकी बदौलत 18 लाख पीएम आवास का वादा पूरा हो गया है। सर्वे सूची 2011 और आवास प्लस के नाम की सूची पूर्ण हो गई है और अब आवास प्लस प्लस का सर्वे चल रहा है। 15 मई तक सर्वे होना है और आप सभी से आह्वान है कि जिनके नाम से दो पहिया वाहन है, 5 एकड़ असिंचित, ढाई एकड़ सिंचित भूमि और 15 हजार मासिक आय है वे भी इसका लाभ सकगे है। सभी अपना अपना नाम जुड़वा लें क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश में हर गरीब का पक्के का मकान होना चाहिए और यही सौगात देने केन्द्रीय मंत्री आए है।

### कांग्रेस राज में नहीं मिलता आवास : नेताम

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि कांग्रेस के सरकार में जो आवास छीना गया था उसे देने वाले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आए हुए है। आप सोंच सकते है कि अगर आज कांग्रेस की सरकार होती तो गरीबों को आवास मिलता क्या। सीएम विष्णुदेव साय की सरकार में गरीबों को आवास मिल रहा है। धान 31 सौ रूपए में खरीदा जा रहा है। भूपेश सरकार रहती तो प्रदेश के किसानों को घर नहीं मिलता और ना ही 31 सौ रूपए में में धान खरीदी होती।

### आवास के लिए पीठ पर खाए डंडे : डिप्टी सीएम

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भूपेश बघेल और कांग्रेस की सरकार से लोहा लिया था, पीठ में डंडे खाए थे, बम फूटे थे। ये सब हम अच्छे से जानते है। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया था कि आवास हमारा अधिकार है और इसको हम लेकर रहेंगे। इसे लेकर गांव से लेकर प्रदेश स्तर तक बड़ा अभियान चलाया गया। भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आम जनता के साथ आगे बढ़कर इस अभियान को आगे बढाया था, जनता के चरण पखारकर कहा था कि भाजपा की सरकार बनेगी तो पहला प्रस्ताव पीएम आवास का होगा। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की सरकार बनाई तो सीएम विष्णुदेव साय की पहली कैबिनेट ने 18 लाख आवास का निर्णय पास करने का निर्णय लिया।

### नकली खाद बीज पर बनाएंगे कानून

पत्रकारों से चर्चा करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि खाद का असंतुलित और अत्यधिक प्रयोग जमीन और किसान दोनों को नुकसान पहुंचता है। किसी तत्व की जरूरत ही नहीं और हम डालते जा रहे है। पोटाश, नाइट्रोजन फास्फोरस की जरूरत देखकर डाले,इसलिए भारत सरकार ने पीएम प्रणाम योजना चलाई। किसानों से आग्रह कर रहे कि संतुलित खाद का उपयोग करें। हमारे 16 हजार वैज्ञानिक हर जिले में जाकर किसानों से संवाद करेंगे। किसान के साथ वैज्ञानिक मिलकर काम करेंगे। नकली बीज और कीटनाशकों के लिए कड़ा कानून बनाने की तैयारी कर रहे है।



## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष पति ने वार्ड 11 में चलाया कचरा वाहन



**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़ के नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष प्रतिमा यादव के पति एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरजू यादव ने स्वच्छता के प्रति एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। उन्होंने सोमवार को अपने गृह वार्ड नंबर 11 में कचरा संग्रह के लिए ई-रिक्शा स्वयं चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। श्री यादव का इस वार्ड से विशेष लगाव रहा है, वे यहां से कई बार पार्षद रह चुके हैं। वर्तमान में उनकी पत्नी प्रतिमा यादव मनेन्द्रगढ़ की पहली महिला अध्यक्ष हैं, जो स्वच्छता और विकास के प्रति गंभीरता से प्रयासरत हैं। इस पहल के बारे में सरजू यादव ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ कचरा इकट्ठा करना नहीं, बल्कि लोगों को यह दिखाना था कि स्वच्छता अभियान सिर्फ कर्मचारियों या अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से सफल हो सकता है।

### नगर सैनिकों की भर्ती परीक्षा 22 जून को

**बैकुण्ठपुर।** होमगार्ड विभाग द्वारा महिला नगर सैनिकों छात्रावास ड्यूटी एवं नगर सैनिक जनरल ड्यूटी के रिक्त पदो के लिए भर्ती लिखित परीक्षा 22 जून को व्यापम द्वारा राज्य के चार जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर में आयोजित की गई है। विदित हो कि बीते दिनों संभाग मुख्यालय अंबिकापुर में शारीरिक माप जोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की गई थी। सभी चयनित अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइड पर उपलब्ध है। लिखित परीक्षा कार्यक्रम व्यापम वेबसाइट पर पंजीयन उपरांत ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की प्रारंभिक तिथि 16 अप्रैल से 30 मई तक सायं 5 बजे तक है। परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून, प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 13 जून 2025 है। एवं परीक्षा केंद्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में होगा।

### किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बिजुरी।** थाना क्षेत्रांतर्गत नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी भगवान दास पाव पिता मोहन पाव उम्र 46 वर्ष निवासी गुलीडांड़ को स्थानीय बिजुरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। थानाक्षेत्र निवासी फरियादी द्वारा थाना बिजुरी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि मेरी नाबालिग लड़की, जो बीते 8 मई को बिना बताए नाना के घर जा रही थी, जिसे रास्ते में भगवानदास द्वारा बहला फुसलाकर अपनी मोटर साइकल में बैठाते हुए पचखुरा गांव के जंगल समीप ले जाकर, जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया गया।

### नए जिले एमसीबी में पहली बार राज्य महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी ने प्रकरणों की सुनवाई की

# रिटायरमेंट के बाद पत्नी को नहीं दिए रुपए, अब देंगे 5 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की गई। यह प्रदेश स्तर पर आयोग की 312 वीं सुनवाई थी, जबकि नवगठित जिले में यह पहली सुनवाई रही। कार्यक्रम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडीशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

एक प्रकरण की सुनवाई में बुजुर्ग महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने रिटायरमेंट के बाद मिली राशि में से बड़ा हिस्सा नाती के नाम पर जमा कर दिया और उसे घर से निकालकर भरण-पोषण से वंचित कर दिया। आयोग की पहल पर अनावेदक ने 5 लाख रूपए देने की सहमति दी, जिसकी पहली किश्त 15 मई को 5 हजार रूपए और शेष राशि 15 दिन के भीतर दी जाएगी। प्रोटेक्शन ऑफिसर को निगरानी सौंपी गई है। वहीं कार्यक्रम के दौरान राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली वरिष्ठ महिला एथलीट्स श्रीमती शकुंतला सिंह (70), श्रीमती कमला देवी मंगतानी (67), श्रीमती संजीदा खातून (55) और कक्षा 12 वीं की छात्रा कुमारी स्वाति मंगतानी को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। ये सभी महिलाएं सैकड़ों पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।



प्रकरणों की सुनवाई करती अध्यक्ष किरणमयी नायक।

### सुनवाई में ये रहे अन्य प्रमुख प्रकरण

सुलहनामा के आधार पर प्रकरण नस्तीबद्ध- एक प्रकरण में दोनों पक्षों द्वारा पूर्व में 25 सितंबर 2024 को हुए सुलहनामे की जानकारी दी गई। आयोग को इसकी सूचना नहीं मिलने के कारण सुनवाई रखी गई थी। दस्तावेज प्रस्तुत करने पर प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया।

### छेड़छाड़ एवं पैतृक संपत्ति विवाद

एक अन्य प्रकरण में महिला ने छेड़छाड़ और पैतृक संपत्ति से वंचित करने का आरोप लगाया था। सुनवाई के दौरान अनावेदक ने ऋण पुस्तिका और जमीन से जुड़े दस्तावेज महिला को सौंपे। फौती नामांतरण की प्रक्रिया जिला प्रशासन की निगरानी में होगी। कोई तथ्य असत्य सिद्ध होने पर एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### हत्या के आरोप से जुड़ा मामला

एक महिला द्वारा अपनी बहन और भांजे की हत्या का आरोप लगाया गया है। अनावेदक सरकारी शिक्षक होने के कारण अनुपस्थित रहा। यह मामला 14 मई 2025 को अंबिकापुर में पुनः सुना जाएगा। जिला पुलिस के कार्रवाई को भेजने का निर्देश दिया गया है। वहीं एक अन्य प्रकरण में चेक डिसऑनर और धोखाधड़ी की शिकायत पर एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि के बाद प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया।

## केंद्रीय विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, छात्र आयुष्मान प्रथम





**बैकुण्ठपुर।** केन्द्रीय विद्यालय बैकुण्ठपुर के विद्यार्थियों ने 13 मई को घोषित सीबीएसई बोर्ड परीक्षा (सत्र 2024-25) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया। इस वर्ष कक्षा 10वीं में 73 और कक्षा 12वीं में 48 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, और दोनों ही कक्षाओं का परीक्षा परिणाम 100% रहा। कक्षा 10वीं में आरूष त्रिपाठी ने 91.3% अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं (वाणिज्य संकाय) में आयुष्मान आशुतोष सिंह ने शानदार 97% अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर बनने के साथ जिले में भी पहचान बनाई। कक्षा 12वीं (विज्ञान संकाय) में विनीत कुमार ने 80.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अवनि प्रकाश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं एसईसीएल के महाप्रबंधक बीएन झा का मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। प्राचार्य ने विश्वास जताया कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा।

### अभिनंदन ने 10 वीं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बोर्ड परीक्षा के नतीजे जारी किए। इसमें 10 वीं बोर्ड में शहर के अभिनंदन बड़ेरिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया। मिली जानकारी के अनुसार आलोक बड़ेरिया के पुत्र अभिनंदन बड़ेरिया सेंट जोसेफ इंग्लिस मीडियम स्कूल रामपुर बैकुंठपुर में कक्षा 10 वीं बोर्ड का छात्र था ,जिसने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एन वन ग्रेड से उत्तीर्ण हुआ। जानकारी के अनुसार अभिनंदन ने हिन्दी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान विषय में ए वन तथा अंग्रेजी विषय में ए टू ग्रेड प्राप्त किया।

## 479 वंचित परिवारों के चेहरों पर आई मुस्कान



**बैकुण्ठपुर।** प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक स्वयं का पक्का मकान हो, जिसमें वह दिनभर के संघर्ष के बाद सुकून की नींद सो सकें। वंचित वर्ग की इस महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि यह बेहद प्रसन्नता का विषय है कि आज कोरिया जिले के और 479 परिवारों का पक्के मकान का सपना पूरा हुआ।

मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत इन परिवारों ने मंगलवार को उल्लास पूर्वक गृह प्रवेश कर अपने स्तर पर उत्सव मनाया। मोर आवास-मोर अधिकार कार्यक्रम के तहत 13 मई को राज्य के मुख्यमंत्री के विष्णु देव साय एवं केन्द्रीय आवास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेष के 51 हजार परिवारों के गृहप्रवेश कार्यक्रम में सांकेतिक सहभागिता की। कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 479 परिवारों ने नए घरों में गृह प्रवेश के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि इसमें बैकुंठपुर जनपद पंचायत के 298 और सोनहत जनपद के 181 परिवार शामिल रहे हैं। अब तक जिले में वर्ष 2024-25 के लिए कुल 9007 आवासों की स्वीकृति दी गई है।

## एसईसीएल के एमएमयू ने 1224 ग्रामीणों की जांच



**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा अपने कॉपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत एक सराहनीय पहल करते हुए मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू के माध्यम से कोरिया जिले के ग्रामीण इलाकों में हर दिन निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं और बुनियादी चिकित्सीय परीक्षण प्रदान किए जा रहे हैं। यह सेवा 16 अप्रैल को प्रारंभ की गई थी और 12 मई तक एसईसीएल परियोजना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आयोजित चिकित्सा शिविरों में कुल 1224 ग्रामीणों ने इसका लाभ उठाया। हर दिन अलग-अलग स्थानों पर पहुंच रही यह मोबाइल चिकित्सा इकाई, जरूरतमंद ग्रामीणों को उनके गांव में ही योग्य चिकित्सकों द्वारा परामर्श, दवाएं और प्राथमिक जांच की सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस सेवा में बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे विशेष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं।

## देश के विकास में वन नेशन वन इलेक्शन निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के सुरभि पार्क में वन नेशन, वन इलेक्शन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ मंच पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, नपा उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, नगर पंचायत नई लेदरी के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन व्यवस्था देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। बार-बार चुनावों में शिक्षकों, पुलिसकर्मियों और राजस्व विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है,जिससे बच्चों की शिक्षा, कानून व्यवस्था और नागरिक सेवाएं प्रभावित होती हैं। उन्होंने कहा कि इससे न सिर्फ समय और संसाधनों की बचत होगी, बल्कि जनता के टैक्स का पैसा भी संरक्षित रहेगा, जिसे देश के आधारभूत ढांचे के विकास में लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी खर्चों में कटौती से कई आवश्यक वस्तुएं सस्ती होंगी और इसका सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती पावले ने भी इस विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह पहल लोकतंत्र को मजबूत करने और संसाधनों के सदुपयोग की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

### पौधरोपण अभियान के लिए मैदानी स्तर पर करें तैयारी

**बैकुण्ठपुर।** संयुक्त कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आम नागरिकों की समस्याओं और मांगों को निराकृत करने के लिए सुशासन तिहार, विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल, जनदर्शन आदि में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बैठक में जिला स्तरीय समस्त विभागीय अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य शासन द्वारा सुशासन के महती उद्देश्य को लेकर पूरे प्रदेश में सुशासन तिहार आयोजित किया जा रहा है।

### एसटी, एससी, ओबीसी महासंघ की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में एसटी, एससी, ओबीसी महासंघ, जिला एमसीबी की महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार और महासंघ के उद्देश्यों पर गहन चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता महासंघ के संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेशचंद्र सिंह ने की। उन्होंने कहा कि महासंघ की प्रमुख प्राथमिकता समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। महासंघ के प्रवक्ता श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में समाज में व्याप्त कुरीतियों और सामाजिक समस्याओं के उन्मूलन की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष शरण सिंह ने भरतपुर, खड़गवां और मनेन्द्रगढ़ विकासखंडों में त्वरित कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए। इसीक्रम में बैठक के दौरान मनेन्द्रगढ़ ब्लॉक कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष गजराज सिंह कुसरो ग्राम पाराडोल, उपाध्यक्ष रामबसंत ग्राम लालपुर, सचिव छत्रपाल रवि ग्राम पिपरिया सहित अन्य पदाधिकारियों के चयन के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ध्रुपद चौहान, भागवत सिंह मरावी, कौशिल्या सिंह, ललिता पाव, लालसाय बैगा, रामप्रसाद नगनिहा, सुजीत सिंह, सरोधन सिंह, नभाग सिंह, संतोष सिंह, महेन्द्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं छोटे बाबू पिता लोहरा केरकेट्टा, उम्र 82 वर्ष, जाति उरांव निवासी ग्राम-बेलजोरा, थाना व तह. सीतापुर जिला-सरगुजा, छ.ग. निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूं मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मेरा वास्तविक एवं असली नाम छोटे बाबू है जो मेरे मतदाता परिचय पत्र में अंकित है जो सतय एवं सही है। मेरे नाम से आधार कार्ड बना है उसमें मेरा नाम लेदा अंकित है जो गलत अंकित हो गया है जबकि मेरा असली नाम छोटे बाबू है जो सही नाम है।

मेरे नाम से जो आधार कार्ड बना है उसमें मेरा नाम लेदा अंकित है उसे सुधारकर असली नाम छोटे बाबू अंकित कराना चाहता हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
छोटे बाबू
आ. लोहरा केरकेट्टा
निवासी-ग्राम-बेलजोरा, थाना व तह. सीतापुर जिला-सरगुजा, छ.ग.


सरगुजा मार्केट

Dr. V.K. Patel
Cosmetologist
मुँहासे, चेहरे की झुर्रियां, त्वचा का कालापन
बालों का झड़ना, बुटोक्स व स्टेम सेल थेरेपी
कान के बड़े छेद बिना टांके के बन्द करना
स्किन से सम्बंधित अन्य उपचार
शनिवार एवं रविवार
शाम 4 से 6 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

रायपुर के प्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ
आपके शहर अंबिकापुर में
डॉ. विकास गोयल
MD Med, DM Haematology
हिमेटोलॉजी एंड ब्लड कैंसर क्लीनिक
खून की कमी, सफेद कोशिकाओं और प्लेटलेट्स की कमी
सिकल सेल एनीमिया, थैलीसीमिया, आदि विकार
सभी प्रकार के रक्त कैंसर (ल्यूकीमिया, लिम्फोमा, मायलोमा)
बगल, जांघों में अथवा गर्दन में गांठ
पेट में तिल्ली, लीवर में सूजन
एवं संबंधित अन्य रोग
दिनांक 25 मई 2025 दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा के सर्वप्रथम
स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
25 मई 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 21 मई 2025 दिन - बुधवार
पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
प्रोस्टेट बढ़ जाना।
पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल साइनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनांक – 11 मई, 2025
दिन – रविवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
रविवार, 11 मई 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
डॉ.आर.के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी.(बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजिस्ट )
डॉ.रोशन लाल वर्मा
MD (T.B & Respiratory diseases)
दमा, टीबी, छाती एवं एलर्जी
दिनांक 25 मई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

डॉ हर्षप्रीत सिंह टुटेजा
जनरल मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजिस्ट
(मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट)
SRS HOSPITAL
न्यूनतम दर, उच्चतम सेवा
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के सामने, अम्बिकापुर
+919617605000, +917049985558
24x7 इमरजेंसी सेवा भर्ती, एवं आई.सी.यु. ऑपरेशन
शुगर
थायरॉइड
ब्लडप्रेशर
मोटापा
स्ट्रोक (लकवा)
एनेमिया (खून की कमी)
अस्थमा, COPD (साँस लेने में तकलीफ)
टाइफाइड
निमोनिया (फेफड़ों में इन्फेक्शन)
मलेरिया
अर्थराइटिस (जोड़ों में दर्द)
कमर दर्द
UIT (पेशाब में जलन)
पैरों में जलन या सूजन
अनियमित महावरी
बालों का झड़ना
शरीर में ज्यादा बालों का होना
माइग्रेन (सर में दर्द)
गैस्ट्राइटिस (पेट में दर्द या जलन होना)

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता - MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. पूजा - MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा, MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर, स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय - MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल - एम. डी. फिजीशियन
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि - BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता - MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता - MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. हेमन्त कुमार बी - MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. सोनल गार्डिया - MBBS, MS (General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
सौंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले - MS, ENT, नाक कान गला रोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774-222555, 9425583780, 9826183780
8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### चित्रकारी विषय पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**सूरजपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय के सभागार में चित्रकारी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य कलाकार एवं वक्ता विनोद कुमार द्वारा छात्राओं को चित्रकारी से संबंधित मूलभूत ज्ञान, कौशल एवं भविष्य में रोजगार की संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने चित्रकला, ड्राइंग, स्केचिंग से संबंधित विधाओं की जानकारी देते हुए अपनी उपलब्धियों के बारे में भी बताया। विनोद कुमार ने हाल ही में सूरजपुर के प्रवास पर आए प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय को हस्त निर्मित छायाचित्र भेंट की थी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विनोद कुमार ने भी छात्राओं की जिज्ञासाओं को अपने रोचक तथ्यों, जवाबों के माध्यम से संतुष्ट किया। कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### रामगढ़ घटना के बाद खाई वाले क्षेत्र में की गई बैरिकेडिंग



**रजपुरीकला।** रामगढ़ की पहाड़ियों में स्थित चंदन मिट्टी क्षेत्र के पास एक गहरी खाई में 11 वर्षीय बालिका बेबी राजवाड़े आ. तुलेश्वर राजवाड़े के गिर जाने की घटना के बाद विधायक राजेश अग्रवाल ने रामगढ़ पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। इसी कड़ी में आज वन प्रबंधन समिति एवं फॉरेस्ट विभाग द्वारा खाई के चारों ओर बांस की बैरिकेडिंग कर दी गई है जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस प्रकार के संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन के साथ मिलकर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### अवैध रेत परिवहन मामले में 5 वाहन किए गए जब्त



**बिश्रामपुर।** सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए आज मंगलवार को खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही ग्राम पंचायत कुरुवां एवं राजापुर क्षेत्र में की गई। यहां पर अवैध रूप से रेत का परिवहन कार्य में लगे 5 वाहनों को जब्त किया गया है। बताया गया कि तीन वाहनों को बिश्रामपुर और 2 वाहन को जयनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा सभी वाहनों के मालिकों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत कानूनी कार्यवाही किये जाने की खबर है।

### वीर जवानों के विजय व शौर्य के लिए किया गया हवन-पूजन




**राजपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने भारत के ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। इस बीच वीर सपूतों ने भी बलिदान दिया है। भाजपा ने मंडल के नेतृत्व में मां महामाया मंदिर में वीर सिपाहियों के विजय व शौर्य के लिए हवन पूजन किया गया। इस दौरान संजय सिंह,रवि प्रताप मरावी, धरम सिंह, प्रवीण अग्रवाल, जगवंशी यादव, बबलू यादव, संतोष तिवारी, उदय यादव, संतोष पांडे, मनोज बंसल, अनिल तिवारी, अनिल गुप्ता, मनोज गुप्ता, बंसीधर अग्रवाल ,पंकज गुप्ता व अन्य थे।

## निधन

### विमला देवी

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी वसायी राम अवतार गुप्ता की पत्नी विमला देवी का 67 वर्ष की आयु में मंगलवार की सुबह हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे 5 पुत्र एवं 1 पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। वे भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, रूपेश गुप्ता, साई बाबा पब्लिक स्कूल के संचालक मनोज गुप्ता व नीलेश गुप्ता की माँ थी। उनका अंतिम संस्कार नगर की मुक्ति धाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## ओव्हरटेक करने के दौरान हुई घटना

# ट्रक को टक्कर मार पलटी बस दो घायलों को किया गया रेफर



दुर्घटनाग्रस्त बस व लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

अम्बिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग एनएच 343 झींगों अलखडीहा के बीच गढ़वा जाने वाली बस ने ट्रक को टक्कर मारते हुए पलट गई। दुर्घटना में दो यात्री बस के नीचे दब गए जिसे काफी मशक्कत के बाद जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस और नायाब तहसीलदार तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हेतु भर्ती कराया। वहीं दो लोगों की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात अम्बिकापुर रेफर कर दिया है।

**खास बात**

- जेसीबी की मदद से घायलों को निकाला गया बाहर

जानकारी के अनुसार हर रोज की भांति आज सुबह 11.30 गढ़वा जाने वाली सूरज बस क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 5552 अम्बिकापुर से गढ़वा जा रही थी। बस जैसे ही झींगों और अलखडीहा के बीच पहुंची तभी सामने जा रही एक बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक को टक्कर मारते हुए पलट गई। बस के पलटने से बस के दरवाजे के पास खड़े अम्बिकापुर से बलरामपुर जा रहे देवेंद्र सिंह आ स्व. विश्वनाथ सिंह (58 वर्ष) एवं वृंदा आ. भीम भुइया (30वर्ष) हर्रा टिकरा थाना मणीपुर निवासी जो अम्बिकापुर से बासेन शादी न्योता मानने जा रही थी। घटना में वृन्दा का पैर बुरी तरह से कुचल गया। जबकि झींगों से गढ़वा जा रहे इमामुद्दीन अंसारी आ. अलीम अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। वही गोदा निवासी विद्या देवी पति गौतम विश्वकर्मा, दूधवल रंका निवासी मैराल मुजीब आ. हसन (75 वर्ष), पटना निवासी श्रीमती रेनू पांडे पति राधाराम पांडे एवं लखनपुर निवासी श्रीमती मन बसिया पति बहालीराम भुइयां को मामूली चोटें आई। घटना के बाद लगभग दो घंटों तक देवेंद्र सिंह व वृंदा बस के नीचे दबे रहे। इसी बीच पुलिस ने जेसीबी मंगा कर बस के नीचे दबे दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। इस दुर्घटना में करीब दर्जन भर से ज्यादा लोगों को मामूली चोटें आई है। डॉक्टरों ने वृन्दा एवं इमामुद्दीन की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्घटना के बाद बस एवं ट्रक के चालक मौके से फरार हो गए।

### टाइम पकड़ने के चक्कर में हुई दुर्घटना

अम्बिकापुर से गढ़वा जाने वाली सूरज बस अपने निर्धारित समय से अम्बिकापुर से गढ़वा जाने के लिए छुटी परंतु राजपुर पहुंचने से पहले परसागुड़ी के पास बस पंचर हो गया जिससे बस का टाइम फेल हो गया। बस में सवार प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बस जैसे राजपुर से छुटी अपने टाइम पकड़ने के चक्कर में बस का चालक बस को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था। झींगों अलखडीहा के बीच बस सामने जा रहे दूसरे बस को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराया और पलट गई।

### जर्जर सड़क के बाद भी रफ्तार पर नहीं लगाम

एनएच 343 सड़क काफी जर्जर स्थिति में है परंतु वाहनों के रफ्तारों में कोई लगाम नहीं लग पा रहा है। सड़क पर इतने बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं कि वाहनों का चलना दूभर हो गया है। बावजूद इसके वाहन चालक अपने वाहनों के गति को कम करते नहीं दिख रहें हैं जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है। आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होना आम बात हो गई है। आज भी खराब सड़क और तेज रफ्तार के कारण दुर्घटना हुई।

## बोलेरो की टक्कर से 10 वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत

**अंबिकापुर।** मंगलवार को सूरजपुर जिले में अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दस वर्षीय मासूम समेत दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर इस घटना से गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व जिला प्रशासन की टीम द्वारा लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया गया। पुलिस द्वारा शवों को पीएम के लिए मर्च्युरी में रखवाया गया है और घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम ग्राम दुरती निवासी 32 वर्षीय बंसत सिंह आ. मनराखन सिंह अपने पुत्र 10 वर्षीय निलेश सिंह और रिश्तेदार 20 वर्षीय संपत सिंह के साथ भैंसा मुंडा अंतर्गत ग्राम खरसोता में मंडल कार्यक्रम में शामिल होने गए हुए थे। मंडप कार्यक्रम से बसंत सिंह बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान

- अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर ग्राम दुरती में हुई घटना, एक की हालत गंभीर



मंगलवार की शाम अंबिकापुर-बनारस मार्ग पर दुरती सब स्टेशन के समीप जरही की ओर से आ रहे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 29 एजी 3874 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों वाहन में फंसकर कुछ दूरी तक घिसटते चले गए। इस घटना में संपत सिंह और बच्चे निलेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बंसत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और इधर घटना के बाद चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सड़क दुर्घटना में दो बच्चों की मौत के बाद लोगों का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने सडक पर चक्का जाम कर दिया। घटना और चक्का जाम की सूचना मिलने के बाद भटगांव व प्रतापपुर पुलिस के साथ ही जरही नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों को समझाइश देकर मामला शांत कराया जिसके बाद शवों को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया। जबकि घायल व्यक्ति को पटवारी सौरभ गोस्वामी द्वारा अपने निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### ट्रैक्टर पलटने से सवार युवक की मौत

बाइक नहीं मिलने से शादी कार्यक्रम में शामिल होने ट्रैक्टर से जा रहा युवक ट्रैक्टर के अनियंत्रित होकर पलट जाने से नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम गहिला निवासी अनिल कुमार सिंह आ. श्रीराम 11 मई की दोपहर अपने ससुराल में शादी कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी कर रहा था। घर से बाइक नहीं मिलने पर घर के ट्रैक्टर को लेकर ससुराल जाने लगा। जैसे ही ग्राम नवापारा सीसी सड़क बजोरा तालाब पुलिया के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। इधर ट्रैक्टर के नीचे दब जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा युवक ट्रैक्टर के नीचे मृत हालत में पड़ा हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



### एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, युवती घायल

**लखनपुर।** मंगलवार की देर शाम एनएच 130 पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवती भी घायल हुई है। घायल युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम 6.30 बजे एनएच 130 पर ग्राम हंसडांड के समीप तेज रफ्तार ट्रक का चालक बाइक क्रमांक सीजी 15 ईएफ 2566 को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक युवक की पहचान उदयपुर क्षेत्र के कुदर बसवार निवासी चंद्रिका के रूप में की गई है जो लखनपुर से उदयपुर की ओर जा रहा था इसी दौरान ग्राम कुंवरपुर के समीप लक्ष्मणगढ़ निवासी 22 वर्षीया रूपा सिदार आ. बेसाहू सिदार लिफ्ट लेकर युवक की बाइक पर बैठ गई थी। जैसे ही दोनों हंसडांड के समीप पहुंचे विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक का पहिया युवक के ऊपर चढ़ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि युवती को भी गंभीर चोटें आई है। स्थानीय लोगों की सूचना पर घायल युवती को डायल 112 की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।





### ग्राम दावा के श्याम गौशाला में नए गौ शेड और दो सोलर हाई मास्ट लाइट्स का उद्घाटन

**अम्बिकापुर।** उदयपुर ब्लॉक के दावा गांव में स्थित श्री श्याम गौशाला में निर्मित नए गौ शेड और दो सोलर हाईमास्ट लाइटों का सोमवार को लोकार्पण विधायक राजेश अग्रवाल द्वारा किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को घटाने एवं गायों की सुरक्षा यह परियोजना का मुख्य उद्देश्य। विधायक राजेश अग्रवाल ने फीता काट पारंपरिक रीति-रिवाजों के तहत पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। साथ ही 100 से अधिक गायों को केले, गुड़ और चने अर्पित किए गए।

आरआरवीयूएनएल सीएसआर पहल के तहत विकसित इन दोनों कार्यों से सड़क पर घूमने वाली बेसहारा गायों के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान होगा, विशेषकर वे गाय जो राष्ट्रीय राजमार्ग तारा से अंबिकापुर तक बार-बार देखी जाती थीं। इस परियोजना के जरिए गायों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं को भी रोका जाएगा। यह पहल स्थानीय समुदाय को मवेशी प्रबंधन में सहायता प्रदान करने के साथ-साथ टिकाऊ और मानवता पूर्ण प्रथाओं को बढ़ावा देने का उद्देश्य है। इस दौरान आरआरवीयूएनएल मुख्य अभियंता बाबूलाल वर्मा, उप अभियंता लालचंद बरेसाह, पवन ओझ, मनोज कुमार शाही, राजेश साव, प्रभोध सिंघल, अखंड विधायक सिंह, अनिल सिंह, राधे श्याम, देवनारायण यादव, आशीष अग्रवाल, शेखर सिंह देव सहित अन्य मौजूद थे।

# बदमाश युवकों के दो गुटों में चल रहा गैंगवार, अपराधियों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कोयलांचल में लचर व सुस्त पुलिसिंग से चोरों के बाद अब बदमाश युवकों के हौसले बुलंद हैं।

- दशहरा मैदान में मारपीट के साथ दो पहिया वाहनों में की गई तोड़फोड़
- बिश्रामपुर पुलिस ने आधा दर्जन क्षतिग्रस्त बाइक को किया जब्त

अभी पांच दिवस पूर्व मनचले व बदमाश किस्म के युवकों के दो गुटों में चल रही गैंगवॉर की घटना के बाद बिश्रामपुर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत के बाद काउंटर अपराध दर्ज किया था।घटना के बाद अब पुनः सोमवार की शाम को पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्ष के लोग फिर से अम्बेडकर चौक व दशहरा मैदान में लाठी डंडा लेकर आपस में भीड़ गए।

बताया गया कि बिश्रामपुर चोपड़ा- माइनर्स कॉलोनी के बदमाश युवकों ने बीती रात रेलवे स्टेशन चौक मुख्य मार्ग पहुंचकर पुराने मारपीट की घटना में शामिल युवकों को लाठी डंडा,रॉड लेकर खोजबीन करने लगे,इसके कुछ समय बाद माइनर्स कॉलोनी के बदमाश युवकों की वापसी के दौरान अम्बेडकर चौक में रेलवे स्टेशन चौक के विपक्षी गुट के साथ आमना सामना हो गया जिसके बाद मौके पर लाठी डंडे के साथ दोनों युवकों के गैंग के बीच मारपीट हुई, घटना के कुछ देर बाद पुनः दूसरे पक्ष के युवकों ने दशहरा मैदान पहुंचकर मारपीट में शामिल युवकों को मारने के लिये दौड़ाया, इस दौरान कई युवक मौके पर अपनी बाईक छोड़कर भाग निकले,तत्पश्चात मौके पर गिरी बाइकों में युवकों ने लाठी डंडा से जमकर तोड़फोड़ कर दी।दोनो पक्षों में युवकों के गैंगवॉर की घटना की जानकारी मिलने के कुछ समय बाद दशहरा मैदान पहुंची पुलिस ने मौके पर क्षतिग्रस्त हुई आधा दर्जन बाईक को जप्त कर बिश्रामपुर थाना ले आई है।घटना के दूसरे दिवस देर शाम तक किसी भी पक्ष ने बिश्रामपुर थाना में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।वर्तमान में निरंतर हो रही बदमाश युवकों के बीच गैंगवार की घटनाओं से नगरवासी दहशत में हैं।

### करंट की चपेट में आए युवक की मौत मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

मवेशी चराकर वापस घर लौटने के दौरान करंट की चपेट में आकर युवक की मौत मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने आज मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम जमदेई राझापारा निवासी 38 वर्षीय बबल उर्फ भोंदल यादव पिता रति राम यादव 7 मई की शाम मवेशी चराकर घर लौटने के दौरान गांव के ही शैलेन्द्र साहू के तरबूज खेत में सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए झटका मशीन की तार की चपेट में आने से मौत हो गई थी।मामले में मृतक के परिजन की रिपोर्ट पर आरोपी शैलेंद्र साहू पिता लोचन साहू के खिलाफ धारा 105 व विद्युत अधिनयम की धारा 135 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही थी जिस पर पुलिस ने मंगलवार को फरार आरोपी शैलेंद्र साहू को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।





बैठक लेते कलेक्टर एवं एसएसपी।

# कलेक्टर एवं एसएसपी ने कानून व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मंगलवार को जिला पुलिस कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक ली। साथ ही जिले के सभी एसडीएम को वर्चुअल माध्यम से जोड़कर जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिले में कानून व्यवस्था के संबंध में विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों, प्रयासों और आवश्यक पहल की समीक्षा कर सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को नवीन आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण जल्द दिलाने, जनसमुदाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान पर बिना देर किए निराकरण करने एवं अपराधियों में पुलिस और कानून के प्रति खौफ बनाए रखने के निर्देश दिए। कारखानों, खदानों में फायर सेफ्टी, वाटर सेफ्टी सिस्टम, सायरन सिस्टम एवं कंट्रोल रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए।

- जनसमुदाय से जुड़ी समस्याओं के जल्द समाधान करने दिए निर्देश

बैठक में जिले में अवैध नशीले दवाईयों के विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने कड़ी कार्रवाई करने, मेडिकल स्टोर्स की औचक निरीक्षण पुलिस, प्रशासन व ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम बनाकर करने, सीमावर्ती जिले से मादक एवं नशीले पदार्थों के परिवहन पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जिले को नशा मुक्त करने के पुलिस के नवजीवन अभियान के तहत नागरिकों को नशे से बचाव के लिए जागरूक करने, शराबी किस्म के व्यक्तियों का काउंसलिंग कराने, प्रत्येक गांव को नशा मुक्त करने पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से जन जागरूकता अभियान चलाने एवं मादक पदार्थ की तस्करी में प्रयुक्त वाहनों को राजसात कराने के निर्देश दिए। पुलिस व प्रशासन की टीम को विभिन्न क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के लोगों द्वारा नशा शराब आदि के सेवन पर प्रतिबंध लगाने के लिए सघन अभियान चलाने, अवैध शराब व नशीली वस्तुओं के परिवहन एवं बिक्री पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने, विभिन्न आयोजनों के दौरान जानबूझकर ध्वनि प्रदूषण करने और रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर और डीजे बजाने पर सख्त कार्रवाई करने, जिले में हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए माल वाहक वाहन में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों पर सख्ती से कार्रवाई करने, हेलमेट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने लोगों को जागरूक करने के साथ ही सख्ती बरतते हुए एमव्ही एक्ट की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ पंकज कमल, एसडीएम शिवानी जायसवाल, सीएचएमओ डॉ. कपिलदेव पैंकरा, सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उइके, राजेश जोशी, अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त डीजल।

# लापरवाही पूर्वक नापजोख करने वाला व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

पुलिस अधीक्षक ने जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा आपराधिक प्रवृति के लोगों पर पैनी नजर रख के साथ सूचना तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतम्य में 12 मई को चौकी तारा पुलिस ने ग्राम तारा में फारेस्ट डिपो के समीप एक मकान में मोहम्मद हुसैन द्वारा ज्वलनशील पदार्थ डीजल रखकर लापरवाही पूर्वक नापजोख करते पाए जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच मोहम्मद हुसैन उर्फ नान आ. अब्दुल खान (37 वर्ष) जो 165 लीटर डीजल को लापरवाही पूर्वक नापजोख करते मिला। पुलिस ने वैध दस्तावेज की मांग की तो कोई दस्तावेज पेश नहीं किए। जिप पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध ईसी एक्ट की धारा 3, 7 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस ने मौके से 15 हजार 840 रुपए कीमत के 165 लीटर डीजल जब्त कर गिरफ्तार किया।

- पुलिस ने जब्त की 165 लीटर डीजल

# चोरों ने कुम्दा खदान में घुसकर सुरक्षा गार्ड को पीटा, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा 7-8 नंबर खदान में गुरुवार की देर रात दस बजे कोयला चोरी करने की नीयत से घुसे चोरों ने कम्पनी सुरक्षा कर्मी से मारपीट कर दी है।घटना के बाद प्रार्थी सुरक्षा कर्मी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी प्रकाश आत्मज रामदास, मोहन आत्मज चरना, कमलेश कल्लू उर्फ बोधन के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 331(2), 351(3) के तहत अपराध दर्ज किया है।बिश्रामपुर पुलिस को दर्ज शिकायत में प्रार्थी सम्मेलाल आजाद ने बताया कि वह कुमदा 7-8 खदान में सुरक्षा प्रहरी के पद पर कार्यरत है।घटना दिवस 8 मई की रात वह जब खदान में ड्यूटी कर रहा था तभी करीब रात्रि दस बजे चार पांच की संख्या में आए कोयला चोरों ने खदान में जबरन प्रवेश कर कोल स्टॉक से कोयला उठा कर बोरी में भरकर ले जाने लगे, इस दौरान उन्हें मना करने व विरोध करने पर कोयला चोरी कर रहे तीन आरोपियों ने उसके साथ हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट कर दी है जिससे शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं।प्रार्थी सुरक्षा प्रहरी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

- तीन आरोपियों के विरुद्ध बिश्रामपुर थाना में अपराध दर्ज

## खबर संक्षेप

### प्रगति ने हासिल किया सर्वाधिक 98.5 प्रतिशत अंक



**लखनपुर।** मंगलवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम जारी कर दिए गए है। बोर्ड परीक्षा में जिले के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं सीबीएसई 12 वीं बोर्ड में नगर की प्रगति अग्रवाल ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रगति नगर के जय दुर्गा परिवार के संचालक राजेन्द्र अग्रवाल की पुत्री है। उन्होंने सीबीएसई 12वीं बोर्ड में 98.5 अंक अर्जित किया है।

### अभिलाषा को सीबीएसई 10 वीं बोर्ड में मिले 92 फीसदी अंक



**अम्बिकापुर।** होलीक्रॉस हॉयर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा अभिलाषा दुबे ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 92 फीसदी अंक हासिल किया है। अभिलाषा शहर के साक्षरता मार्ग निवासी शशिकांत दुबे की पुत्री है। प्रारम्भ से ही मेघावी रही अभिलाषा भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है।

### उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामनगर का 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। आस्था राजवाड़े ने कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर सूरजपुर जिले के टॉप टेन की सूची में दूसरा स्थान और विकासखण्ड की टॉप टेन की सूचना में पहला स्थान बनाकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार जायसवाल ने विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर सुभकामनाएं दी तथा कहा कि उत्कृष्ट विद्यार्थियों ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों की सराहना की। राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने अपनी तरफ से उत्कृष्ट विद्यार्थियों को उपहार में डाक्यूमेंट फाईल, कॉपी और पेन देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की कुमारी आस्था राजवाड़े 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिला स्तरीय टापटेन सूची में दूसरा स्थान और विकासखण्ड की टॉप टेन सूची में पहला स्थान प्राप्त किया है। विकासखण्ड स्तरीय हायर सेकेण्डरी टापटेन सूची में कु.डीगमणि दूसरा और कु.नीलम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय स्तर पर कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान कुमारी डीगमणि, 86.4 प्रतिशत, द्वितीय कुमारी नीलम 82.4 प्रतिशत और उमाशंकर ने 78.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 10वीं बोर्ड में प्रथम कुमारी आस्था राजवाड़े 95 प्रतिशत, द्वितीय मोहन 85 प्रतिशत और ललिता ने 84.8 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। होनहार छात्र उमाशंकर का चयन अग्निवीर आर्मी के लिए







## ओपीएस के आदर्श 97.6 फीसदी अंक के साथ अव्वल

# सीबीएसई बोर्ड में सरगुजा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मंगलवार को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी किया है। सीबीएसई बोर्ड में सरगुजा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 12वीं बोर्ड में ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के आदर्श गुप्ता आ.कृष्ण कुमार गुप्ता ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर अव्वल स्थान हासिल किया है। ओरिएंटल स्कूल सहित होलीक्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं कार्मेल स्कूल के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक हासिल कियाहै।

**खास बात**

- सीबीएसई बोर्ड में प्रायवेट स्कूलों का दबदबा



### केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए गए। केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जबकि कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 97.82 प्रतिशत रहा। सफलता को देखते हुए छात्र-छात्राओं, अभिभावकों तथा शिक्षकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय में कक्षा 10वीं के छात्र अक्षत श्रीवास्तव ने 95.80 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्र समृद्ध प्रताप सिंह ने द्वितीय एवं छात्र तन्मय सिंह ने 94.80 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कक्षा 12वीं की वाणिज्य संकाय की छात्रा पीहू गुप्ता ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान संकाय में छात्रा समृद्धि गुप्ता ने 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के परीक्षा परिणामों पर प्राचार्य राजेश प्रसाद ने समस्त शिक्षकों की सराहना की वहीं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट परिणाम पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ओपीएस ने सीबीएसई बोर्ड में किया टॉप



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थी परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं तथा साइंस, कॉमर्स एवं आर्ट्स संकाय में अपना दबदबा बनाये रखा है। परीक्षा परिणाम में जरहागढ़ निवासी आदर्श गुप्ता आ.कृष्णा कुमार गुप्ता 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। इसी तरह ऋषि दास 96.6, राज गुप्ता 95.4, शयन मसूद 95, संकेत सोनी 93.6, प्रीयम गुप्ता 93.2, दिव्यांश केशरी 93, पायल गर्ग 92, संश्रीता कुमारी 91.8, समीर चौहान 91.4 स्नेहा राय ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी तरह 10वीं बोर्ड में गंगापुर निवासी अलंकृता शर्मा आ.अरूण कुमार 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रही जबकि ध्रुव पुरी 96, शैली प्रधान 94.6, ओमकारेश्वर सिंह 93.8, शौर्य अग्रवाल 93.8, परनिका सिन्हा 91.4, अंशिका गुप्ता 91.4, रययान असद 90.8, शाहिद रजा 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों तथा ओपीएस के शैक्षणिक वातावरण को दिया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बच्चो, इनके माता-पिता तथा शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की है। परीक्षा परिणाम ने ओरिएंटल पब्लिक स्कूल को एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की अग्रिम पंक्ति में ला खड़ा किया है।

- 12वीं में आदर्श गुप्ता ने हासिल किया 97 .9 प्रतिशत अंक

### कार्मेल स्कूल के 8 विद्यार्थियों ने पाया 90 फीसदी से अधिक अंक



कार्मेल स्कूल का सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 12वीं बोर्ड में शामिल विद्यालय के कुल 136 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वाणिज्य संकाय की प्रेरणा सिन्हा ने 94.8 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है जबकि द्वितीय स्थान रितिका कुमारी 94 प्रतिशत और अक्षय पाण्डेय 94 प्रतिशत और अंतरा गर्ग 93.8 प्रतिशत, सानिया अग्रवाल 93 प्रतिशत और वेदांत लोहानि 92.6 प्रतिशत, सूजल शुक्ला 92.4 प्रतिशत और आदित्य बेहिदार ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। 12वीं में 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत 40 ने 80 प्रतिशत और 45-70 प्रतिशत 32 ने 60 फीसदी 9 ने 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। 10वीं में विद्यालय के कुल 235 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे जिनमें मयंक जांगड़े ने 97.00 प्रतिशत, अदिति श्रीवास्तव 96.8 प्रतिशत, अनुष्का मिश्रा 95 प्रतिशत, कनिष्का रेलवानी 95.6 फीसदी, अरान्वी श्रीवास्तव 95.4 फीसदी व समृद्धि गुप्ता 95.4 फीसदी, यज्ञांश गुप्ता 95.2 फीसदी, ऐश्वर्या चौबे ने 95 फीसदी अंक हासिल किया है। 10वीं में 47 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत, 74 ने 80 प्रतिशत, 57 ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया है।

### साईं स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



श्री साई बाबा स्कूल का परीक्षा परिणाम 10वीं और 12वीं में शत-प्रतिशत रहा। 12वीं कक्षा के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं तथा उदय शुक्ला ने 80 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा की अवनी गुप्ता ने 90 फीसदी अंकों के साथ प्रथम स्थान हासिल किया है। शौर्य अग्रवाल 87 फीसदी अंकों के साथ द्वितीय तथा सृष्टि अग्रवाल 83 फीसदी अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, सचिव अजय कुमार इंगोले, सह प्रबंधक यशा इंगोले चौधरी और प्राचार्य प्राची गोयल ने शुभकामनाएं दी है।

### होलीक्रॉस कान्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में होली क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 10वीं में 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ प्रिंस लकड़ा पूरे जिले में पहले स्थान पर जबकि आस्था अग्रवाल ने 95.8 प्रतिशत, आदित्य चौबे 95.8 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नैतिक अग्रवाल 95.2 प्रतिशत, ऋतुराज तिवारी 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। 10वीं बोर्ड के 281 परीक्षार्थियों में 46 ने 90 फीसदी, 136 ने 80 फीसदी, 217 ने 70 फीसदी एवं 265 ने 60 फीसदी से अधिक अंक हासिल किया है। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत है। कुल 173 परीक्षार्थियों में 14 ने 90 फीसदी, 70 ने 80 फीसदी एवं 170 विद्यार्थियों ने 60 फीसदी से अधिक अंक हासिल किया है। 10वीं में जसकीरत बाबरा ने 96.4 फीसदी अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान वहीं आदित्य अग्रवाल ने 94 फीसदी, अवनी अग्रवाल 94 फीसदी, तुषार गर्ग 94 फीसदी अंक हासिल कर दूसरा स्थान तथा 93.8 अंक हासिल कर आस्था मलिक ने तीसरा स्थान हासिल किया।



## 4 मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीते 8 मेडल

**रामानुजगंज।** इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में उत्तराखंड के स्पोर्ट्स स्टेडियम हरिद्वार में आयोजित 7वीं आईएसएफ राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में रामानुजगंज के 4 मार्शल आर्ट्स खिलाड़ियों ने 8 मेडल जीत नगर और क्षेत्र का नाम रोशन किया। सभी विजेता खिलाड़ियों के शहर वापस लौटने पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर मेडल, प्रमाणपत्र व ट्रॉफी देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने जाते समय जब विदा किया था तब मुझे पूरा विश्वास था कि हमारे रामानुजगंज के खिलाड़ी हरिद्वार से अवश्य मेडल जीतकर आएंगे और अपने शहर के साथ छत्तीसगढ़ राज्य का भी नाम रोशन करेंगे उस पर खिलाड़ी खरे उतरे और मेडल जीतकर शहर और क्षेत्र का नाम रौशन किया। रामानुजगंज मार्शल आर्ट कराटे के मुख्य प्रशिक्षक शिहान तरुण शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन इंडियन स्पोर्ट्स फेडरेशन के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के अलावा दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, बंगाल, आसाम, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड सहित 18 राज्यों एवं सिमा शस्त्र बल के जवानों समेत लगभग 500 से अधिक बालक, बालिका, महिला व पुरूष खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें जिले के 4 खिलाड़ियों का भी चयन हुआ था। जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया और खिलाड़ियों ने दो इवेंट्स कुमिते और काता में 8 मेडल जीता जिसमें 2 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक व 3 कांस्य पदक शामिल है। इस दौरान विजय रावत, अंकित गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, ललन पासवान, किरण पासवान, सुमिला कुशवाहा, गीता प्रजापति, पुष्पा कुशवाहा, अनिता पाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिश्रामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली द्वारा कक्षा दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024-25 का परिणाम मंगलवार 13 मई को दोपहर के बाद घोषित किया गया। इसमें विद्यार्थियों में अपने परीक्षा परिणाम को लेकर उत्साह एवं प्रसन्नता देखी गई।नगर के डीएवी स्कूल का दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। यहां पर विद्यालय के कुल 111 विद्यार्थी 12वीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 8 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। विद्यालय के 101 विद्यार्थियों ने फर्स्ट डिवीजन प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय स्तर पर आयशा खान ने 94.60 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, अंजलि प्रजापति ने 93.20 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अर्नव मित्तल 92.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। संकाय स्तर पर विज्ञान संकाय गणित से श्रेयश कुमार 91.60 प्रतिशत के साथ प्रथम, श्रेयांस सिंह 89.60 प्रतिशत ने द्वितीय, तथा रंजना सजीथ नायर 89.20 प्रतिशत ने तृतीय स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय बायोलॉजी से प्रियांशी रौतेला 90.40 प्रतिशत ने प्रथम, नौशीन इराकी 86.00 प्रतिशत ने द्वितीय और अक्षत शर्मा 85.80 प्रतिशत ने तृतीय स्थान अर्जित किया। वाणिज्य संकाय से अर्नव मित्तल 92.60 प्रतिशत प्रथम,गौरव गोयल 91.80 प्रतिशत ने द्वितीय व सौम्या गर्ग 90.00 प्रतिशत ने तृतीय स्थान हासिल किया। कला संकाय से आयशा खान ने 94.60 प्रतिशत ने प्रथम,अंजलि प्रजापति 93. 20 अ ने द्वितीय और छाया दुबे ने 90.20 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के दसवीं बोर्ड का भी परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा है। इसमें विद्यालय के कुल 131 विद्यार्थी दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए जिसमें 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किया। अक्षिता पाठक 95.4 प्रतिशत अंक एवं एरिना रुखसार 95.4 प्रतिशत अंक के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय और जसकीरत सिंह 95.2 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय में संस्कृत विषय में साक्षी प्रधान, आईटी विषय में अक्षिता पाठक व जतिन कुशवाहा, साइंस विषय में प्रत्याशा गोयल ने उक्त विषयों में 100 में से 100 सम्पूर्ण अंक हासिल कर विद्यालय के नाम को रोशन किया है।

### सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रत्याशा को जिले में पहला स्थान



**सूरजपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर की मेधावी छात्रा और सूरजपुर की बेटी प्रत्याशा गोयल ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। प्रत्याशा गोयल की इस उपलब्धि से नगर सहित जिला एवं समाज गौरवान्वित है। उल्लेखनीय है कि नगर के समाजसेवी प्रवेश गोयल और शासकीय प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक कनक गोयल की सुपुत्री प्रत्याशा गोयल ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में तो पहला स्थान प्राप्त किया साथ ही विज्ञान विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से परिवार, समाज और जिला गौरवान्वित है। प्रत्याशा गोयल प्रारंभ से ही हर परीक्षा डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर से अव्वल अंको से पास की है। अपनी इस सफलता का श्रेय परिजन, शिक्षकों और अपनी मेहनत को दिया है। उन्होंने आगे की पढ़ाई जारी रखते हुए भविष्य में डॉक्टर बनने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### सीबीएसई 12वीं में शिखा ने 96.02 प्रतिशत प्राप्त कर स्कूल में किया टॉप



**सलका अधिना।** सीबीएसई 12वीं बोर्ड में सलका अधिना से शिखा अग्रवाल ने 96.02 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया है। उन्होंने अपने परिणामों का श्रेय अपने माता-पिता परिवार सहित स्कूल प्रबंधन को दिया है। कॉमर्स संकाय की छात्रा होने के नाते भविष्य में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती हैं। वहीं सलका अधिना से ही कोटा एलन इंस्टिट्यूट में नीट की तैयारी करते हुए वहीं सीबीएसई 12वीं बोर्ड का एग्जाम ऋतुल गुप्ता ने दिया और 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार और गांव का सम्मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि के लिए ऋतुल गुप्ता ने अपने परिवार को श्रेय दिया है और भविष्य में डॉक्टर बनने की इच्छा है।

